भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय जीवन बीमा निगम पालिसीधारकों को परिपक्वता दावा भुगतान के विषय में महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान करता है ..

कोरोना महामारी की वर्तमान परिस्थिति में पालिसीधारकों को हो रही कठिनाइयों को कम करने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपने ग्राहक केंद्री उपक्रमों में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है । कोरोना की वजह से आवा-जाही में लगाए गए प्रतिबंध का ध्यान रखते हुए, भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा अपने पालिसीधारकों को उनके परिपक्वता दावे के कागजात देशभर में उनके निकटस्थ किसी भी एलआईसी कार्यालय में जमा करने की अनुमति प्रदान की गयी है।

भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा अपने 113 मंडल कार्यालयों, 2048 शाखाओं, 1526 सैटेलाईट कार्यालयों तथा 74 ग्राहक क्षेत्रों को, सेवा प्रदाता शाखा पर ध्यान दिए बिना, उन पालिसीधारकों से परिपक्वता दावों के कागजात प्राप्त करने की अनुमति प्रदान की गयी है, जिनके परिपक्वता भुगतान देय हैं। तथापि, वास्तविक दावा भुगतान की कार्यवाही केवल सेवा प्रदाता शाखा द्वारा की जाएगी । एलआईसी के अखिल भारतीय नेटवर्क के माध्यम से कागजातों का डिजिटल हस्तांतरण किया जाएगा।

इस कार्य को आसान करने के लिये, इन सभी कार्यालयों में अधिकारियों को विशेष रूप से प्राधिकृत किया गया है। पालिसीधारक एलआईसी के उक्त में से किसी भी कार्यालय में आ सकते हैं और प्राधिकृत अधिकारी से सहायता ले सकते हैं।

यदि पालिसीधारक एक शहर में है और पालिसी के कागजात दूसरे शहर में हैं, तो कागजातों को दो भिन्न जगहों पर स्वतंत्र रूप से जमा किया जा सकता है।

यह सुविधा तत्काल प्रभाव से केवल दि.31.03.2021 तक प्रायोगिक आधार पर उपलब्ध है।

एलआईसी के लिये अपने पालिसीधारक बहुमूल्य हैं और महामारी के दौरान एलआईसी के ग्राहक केंद्री उपक्रमों का फोकस कार्य संचालन की सुगमता पर रहा है। वर्तमान में एलआईसी देशभर में 29 करोड़ से अधिक पालिसियों को सेवा प्रदान कर रहा है।

मुम्बई में 18 मार्च, 2021 को दिनांकित

अधिक जानकारी के लिये कृपया सम्पर्क करें : कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)
एलआईसी ऑफ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय, मुम्बई
ई-मेल आईडी : ed_cc@licindia.com
www.licindia.in पर हमसे भेंट करें।